You
today at 14:25

मझरा परसेरा निवासी चरन सिंह ने गांव के ही एक व्यक्ति पर चकमार्ग व उसके खेत की मेड़ तोड़कर खेत में मिलाने की शिकायत की। एसडीएम ज्योति शर्मा ने तत्काल हल्का लेखपाल को पैमाईश करने के आदेश जगह पर निर्माण कार्य नहीं कराने दे रहे। बीते दिनों दबंगों ने पुलिस को बुलाकर निर्माण रूकवा दिया। महिला के मुताबिक उक्त जमीन उसने वर्ष 1991 में खरीदी थी। पीड़िता ने एसडीएम से न्याय की गुहार लगाई है।

एनएसएस की छात्राओं ने कोरोना टीकाकरण के लिए ग्रामीणों को किया जागरूक

अमर प्रभात संवाद

बिसौली। डीआरए राजकीय महाविद्यालय के रासेयो शिविर के चौथे दिन छात्राओं ने ग्राम हतसा में डोर टू डोर जाकर ग्रामीणों को कोविड टीकाकरण का सर्वे किया। छात्राओं ने मंगलवार को शिविर के पांचवे दिन लगने वाले शिविर में वैक्सीनेशन के हेतु लोगों को प्रेरित भी किया। ग्राम हतसा स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में आयोजित रासेयो शिविर के चौथे दिन छात्राओं ने घर घर जाकर कोरोना टीका लगवाने के लिए गांव वालों को जागरूक किया। कार्यक्रम अधिकारी डा0 पारूल रस्तोगी ने सर्वे कार्य का औचक निरीक्षण कर छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। बौद्धिक संगोष्ठी में आजादी के अमृत महोत्सव पर चर्चा हुई। सहयोगी कार्यक्रम अधिकारी डा0 मंजूषा ने छात्राओं को स्वदेशी व सत्संगति के महत्व के बारे में विस्तार से समझाया। कार्यक्रम अधिकारी डा0 पारूल ने स्वयंसेविकाओं को आपस में सामंजस्य बनाने व अच्छी तरह जानने हेतु 'क्या आप मुझे जानते हैं' खेल का आयोजन कराया। इस मौके पर सौरभ पाराशरी, पूनम, साहिबा, जागृति, शिवानी, प्रियंका, उमा, भारती, प्रियांशी, राखी, बबली, नीलम, कोमल, नीतू, सीमा, ज्योति, सुमन यादव, निधि, राशि आदि छात्राएं प्रमुखता से मौजूद रहीं।

NSS Camp

पंचायत भवन ग्रा.पं. हतसा
विकास खण्ड बिसौली (बदायूँ)
राष्ट्रीय सेवा योजना
ग्राम पंचायत हतसा के सदस्य गण